प्रो0 अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2022/5396 दिनांकः 10 फरवरी, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2021-22 के विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2021 / 5230 दिनांक 30 नवम्बर, 2021, पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2021 / 5239 दिनांक 03 दिसम्बर, 2021, पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2021 / 5257 दिनांक 10 दिसम्बर, 2021, पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2021 / 5284 दिनांक 22 दिसम्बर, 2021 एवं पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2021 / 5371 दिनांक 27 जनवरी, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2021-22 के विषम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर की परीक्षाओं के परीक्षा फार्म ERP के माध्यम से विलम्ब शुल्क के साथ भरे जाने की निर्धारित अन्तिम तिथि दिनांक 10 फरवरी, 2022 तक की सूचना दी गयी थी तथा इस सम्बन्ध को कतिपय संस्थानो / छात्रों द्वारा माह मार्च में प्रस्तावित परीक्षाओं के प्रथम वर्ष के रि-एडमिट और एक्स छात्रों तथा बी0टेक / बी0फार्म पाठ्यक्रम के तृतीय सेमेस्टर के रेगुलर एवं कैरी ओवर छात्रों के छूटे परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु किये गये अनुरोध को स्वीकार करते हुए पुनः **दिनांक 15 फरवरी, 2022 को मध्य रात्री** तक परीक्षा समिति में लिये गये निर्णयानुसार **रू0 5000/- के विलम्ब शुल्क** के साथ परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु ई0आर0पी0 पार्टल खोला गया है। ज्ञात हो कि समस्त पाठ्यक्रमों के नवप्रेषित (प्रथम वर्ष एवं लेटरल एंट्री) छात्रों के परीक्षा फार्म नामांकन के समय ही भरा दिये जाते है।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित करना है कि अतः उपरोक्त छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म अथवा परीक्षा शुल्क जमा नही कर पाये थे, तो ऐसे सभी छात्र / छात्रायें उपरोक्त तिथि तक प्रत्येक दशा में परीक्षा फार्म / परीक्षा शुल्क जमा कराना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी दशा में परीक्षा फार्म भरे जाने की तिथि विस्तारित नहीं की जा सकेगी तथा यदि उक्त तिथि तक किसी छात्र का परीक्षा फार्म नही भरा जाता है तो ऐसे छात्रों को उक्त परीक्षा में सम्मलित नहीं किया जा सकेगा, जिसके लिए छात्र स्वयं जिम्मेदार / उत्तरदायी होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत स्नातक एवं परास्नातक छात्र / छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के द्वारा समयानुसार परीक्षा फार्म भरवाने का कष्ट करें।

भवदीय
Anurag Tripathi 10/02/22
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक